
मिस्टर ब्लू जीन्स


लेवी स्ट्रॉस की कहानी



लेखिका : मैरीऐन वाइट् , चित्रसज्जा : लीडिया एंडरसन

हिंदी : योगेश

मिस्टर ब्लू जीन्स



मिस्टर ब्लू जीन्स

लेवी स्ट्रॉस की कहानी

लेखिका : मैरीऐन वाइट्

चित्रसज्जा : लीडिया एंडरसन

हिंदी : योगेश

रूपरेखा



1
बटनहाइम

सड़कों पर सोना। कीचड़ की जगह सोना। अगर ऐसा हो जाए, तो कितनी राहत मिले!

लोब स्ट्रॉस (जिसे आगे चलकर लेवी कहा जाने लगा) ने अपने कीचड़ से सने जूतों और बटनहाइम की गीली, दलदली सड़कों की ओर देखा।

यह छोटा-सा गाँव जर्मनी और ऑस्ट्रिया की सीमा के पास, बवेरियन आल्प्स पर्वतों की तलहटी में बसा था। हर साल वसंत ऋतु में जब पहाड़ों की बर्फ पिघलती, तो पानी ढलानों से बहकर नीचे आता और गाँव की सड़कों को कीचड़ से भर देता।

लोब अपनी फेरी का भारी थैला उठाए एक संकरी, कीचड़ भरी गली से दूसरी गली में जाता रहा। उसके सिर के ऊपर पुराने, पत्थर और लकड़ी से बने, घरों की खिड़कियों पर रखे फूलदानों से गुलाबी और पीले रंग के छोटे-छोटे फूल झरने की तरह लटक रहे थे। ये घर सैकड़ों साल पुराने थे, फिर भी उनकी दीवारों पर बनी रंग-बिरंगी चित्रकारी ऐसी लगती थी, मानो अभी-अभी रंगी गई हो।

"घरेलू सामान खरीद लीजिए!" लोब ने आवाज़ लगाई।

एक बुज़ुर्ग आदमी और उसकी पत्नी अपने घर के दरवाज़े से मुस्कराते हुए उसे बुलाने लगे। लोब उनके पास चला गया।

"आज तुम हमारे लिए क्या-क्या सामान लाए हो?" बूढ़े आदमी ने पूछा।

लोब ने अपने कंधों से भारी थैला उतारकर घुटने पर रख लिया। उसने सावधानी से थैला खोला, ताकि कोई सामान कीचड़ में न गिर जाए। फिर उसने उन्हें अपने पास रखा सामान दिखाया—बटन, लेस, फावड़े, कुदाल, चम्मच और खाना बनाने के बर्तन।

महिला ने अपने ऊनी कपड़े के लिए, जिसे वह सिल रही थी, थोड़ी-सी लेस खरीद ली। आदमी ने एक कुदाल चुन ली। लोब ने दोनों को धन्यवाद दिया और फिर आगे बढ़ गया।

लोब का जन्म 1829 में बटनहाइम गाँव में हुआ था। उसके पिता, हिर्श स्ट्रॉस, भी इसी सदियों पुराने गाँव में पले-बढ़े थे। वे फेरी लगाकर घरेलू सामान बेचते थे और उसी से अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे।

लेकिन दो साल पहले उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। तब से लोब, उसकी माँ और उसकी बहनें बड़ी मुश्किल से अपना गुज़ारा कर रहे थे। इसलिए लोब ने भी अपने पिता का वही काम शुरू कर दिया, ताकि परिवार की मदद कर सके।

अठारह साल का लोब जब अपना भारी थैला उठाए घर-घर सामान बेचने जाता, तो उसे अमेरिका जाने वाले लोगों की अनगिनत कहानियाँ सुनने को मिलतीं। लोग कहते थे कि जो वहाँ भिखारी बनकर गए थे, वे भी अब अमीर बन चुके हैं।

लोग एक-दूसरे से कहते, "अमेरिका की सड़कों पर सोना बिछा है। बस जाकर उठा लो।"

पिता की मृत्यु के बाद लोब के सौतेले भाई, लुई और जोनास, न्यूयॉर्क चले गए थे। उन्होंने पत्र लिखकर बताया था कि अमेरिका में तो यहूदी पुरुष भी वोट दे सकते हैं। यह बात लोब को बहुत आश्चर्यजनक लगी।

बवेरिया में यहूदियों को वोट देने का अधिकार नहीं था। सच तो यह था कि वहाँ किसी को भी वोट देने का अधिकार नहीं था। लेकिन हर नए राजा के आने पर यहूदियों के खिलाफ नए-नए नियम बना दिए जाते थे। यह सिलसिला सैकड़ों वर्षों से चलता आ रहा था।

यहाँ तक कि बवेरिया की सरकार यह भी तय करती थी कि एक साल में कितने यहूदी जोड़ों की शादी हो सकती है। उनका मानना था कि अगर शादियाँ कम होंगी, तो यहूदी बच्चों की संख्या भी कम होगी।

लोब जानता था कि अगर वह बटनहाइम में ही रहा, तो सरकार ही तय करेगी कि वह कौन-सा काम करेगा और कहाँ रहेगा। पहले से ही उसका परिवार गाँव की ज़्यादातर सड़कों पर नहीं रह सकता था। उन्हें गाँव के उस हिस्से में रहना पड़ता था जिसे "यहूदी गली" कहा जाता था।

इतना ही नहीं, केवल यहूदी होने के कारण स्ट्रॉस परिवार को अपने घर और कारोबार पर अलग से विशेष कर भी देना पड़ता था।

लेकिन अमेरिका में लोब अपनी पसंद का कोई भी काम कर सकता था और जहाँ चाहे वहाँ रह सकता था। करों के बारे में उसे ज़्यादा जानकारी नहीं थी। फिर भी वह सोचता था कि अगर सचमुच सड़कों पर इतना सोना बिखरा है, तो कर चुकाना कोई बड़ी बात नहीं होगी।

तब तक लगभग दस हज़ार यहूदी बवेरिया छोड़कर नए देश, यानी अमेरिका, जा चुके थे। पास के हेगेनबाख गाँव में भी बारह नौजवानों ने पासओवर के वसंत उत्सव के तुरंत बाद देश छोड़ने का निश्चय किया था।

बटनहाइम के बहुत-से यहूदी परिवार भी जा चुके थे। अब लोब भी उनके नक्शे-कदम पर चलना चाहता था।

अप्रैल और मई के पूरे महीने, जब लोब कीचड़ भरी गलियों में फेरी लगाने में व्यस्त नहीं होता था, तब वह अपनी माँ और अपनी बहनों, वोगेला और माइला, से न्यूयॉर्क जाने की बात करता रहता था।

उधर उसके सौतेले भाई, लुई और जोनास, लगातार अमेरिका से पत्र भेज रहे थे। वे नए देश की खूबियाँ बताते थे। उन्होंने लिखा कि जो लोग उनसे पहले अमेरिका आए थे, वे उन्हें "ग्रीनहॉर्न" कहते थे। यह शब्द उन नए लोगों के लिए इस्तेमाल किया जाता था, जिन्हें अभी वहाँ का कोई अनुभव नहीं था। फिर भी उन्होंने मेहनत और समझदारी से पैसे खर्च करके अच्छी कमाई शुरू कर दी थी। उन्हें अपनी ज़िंदगी से कोई शिकायत नहीं थी।


आखिर जून 1847 तक लोब की माँ, रेबेका स्ट्रॉस, भी अमेरिका जाने के लिए तैयार हो गईं। उन्होंने बामबर्ग की अदालत में देश छोड़ने की अनुमति देने वाले ज़रूरी कागज़ों के लिए आवेदन किया। उनका आवेदन स्वीकार कर लिया गया।

अब स्ट्रॉस परिवार अपने पुराने घर को छोड़ने की तैयारी करने लगा।

वे अपने साथ बहुत कम सामान ले जा सकते थे, क्योंकि जहाज़ में ज़्यादा सामान ले जाने की अनुमति नहीं थी। समुद्री यात्रा के बारे में उन्होंने बहुत-सी बातें सुन रखी थीं। इसलिए वे अपना खाना साथ ले जाने वाले थे। जहाज़ पर मिलने वाला भोजन यहूदी धार्मिक नियमों के अनुसार नहीं बनाया जाता था।

कोशर भोजन के अलावा लोब की माँ ने बिस्तर, परिवार के पीतल के मोमबत्ती-स्टैंड और अपना समोवर भी साथ रखा। समोवर एक धातु का बर्तन होता है, जिसमें चाय के लिए पानी गरम किया जाता है।

घर छोड़ने से पहले रेबेका ने अपने दोस्तों और पड़ोसियों से कहा, "हम जो सामान यहीं छोड़कर जा रहे हैं, उसमें से जिसे जो पसंद हो, वह ले जाए।"



ब्रेमेन का बंदरगाह लोगों से भरा हुआ था। हर कोई अपने साथ गठरियाँ, थैले और बड़े-बड़े बक्से लिए घूम रहा था। बंदरगाह पर कुछ दिन रुकने के बाद आखिर जहाज़ ने अपनी यात्रा शुरू कर दी।

मछली की तेज़ गंध के बावजूद लोब खुश था कि उसकी माँ ने यात्रा के लिए भरपूर हेरिंग मछली, काली रोटी और चाय साथ रख दी थी। दूसरे यात्रियों को रोज़-रोज़ केवल सेम और सूअर का मांस ही खाना पड़ता था। लेकिन जब समुद्र में जहाज़ ज़ोर-ज़ोर से हिलने लगा, तब लोब को इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ा कि उसने क्या खाया था। समुद्री बीमारी के कारण उसका ज़्यादातर खाना वैसे भी पेट में टिक नहीं पाता था।

लोब सोचता था कि ज़्यादा बुरा क्या है—जहाज़ के निचले हिस्से की तंग और घुटन भरी जगह में समुद्री बीमारी से परेशान होना, या ऊपर डेक पर रहना, जहाँ हर समय समुद्र की लहरों में बह जाने का डर बना रहता था।

जहाज़ के निचले हिस्से का कमरा इतना छोटा था कि कोई सामान्य कद का आदमी भी सीधा खड़ा नहीं हो सकता था। वहाँ हर समय नमी और गंदगी रहती थी। आखिर ऐसा क्यों न होता? लगभग तीन सौ लोग एक छोटे-से खलिहान जितनी जगह में ठूँस दिए गए थे। वहाँ किसी को भी अकेले रहने की जगह नहीं मिलती थी और नहाने-धोने के लिए केवल खारा समुद्री पानी ही उपलब्ध था।

यात्री एक-दूसरे के इतने पास रहते थे कि अगर किसी एक को उल्टी होने लगती, तो दूसरे को बच पाना मुश्किल हो जाता था। सोने के लिए केवल एक लकड़ी का तख्ता और एक कंबल मिलता था। लेटने भर की जगह थी। कपड़े खोलकर रखने या टाँगने की तो कोई जगह ही नहीं थी।

हालाँकि समुद्री जीवन बहुत कठिन था, फिर भी उसमें कभी-कभी कुछ अलग घटनाएँ भी हो जाती थीं। यात्रा के दौरान तीन बच्चों का जन्म हुआ और एक बूढ़े व्यक्ति की मृत्यु हो गई। कई दिनों तक कोई न कोई वायलिन या बाँसुरी बजाने लगता और दूसरे लोग उसके साथ गाना गाने लगते। कभी-कभी तो कुछ लोग जहाज़ के डेक पर नाचने की भी कोशिश करते।

समुद्र में पूरे बयालीस दिन बिताने के बाद आखिर एक दिन दूर ज़मीन दिखाई दी। धीरे-धीरे जहाज़ न्यूयॉर्क के बंदरगाह में पहुँचने लगा। खाड़ी में दुनिया के अलग-अलग देशों से आए अनगिनत पाल वाले जहाज़ खड़े थे।

लोब रेलिंग पकड़कर आगे झुक गया। वह भीड़ में अपने भाइयों को ढूँढ़ने की कोशिश कर रहा था। लेकिन घाट पर खड़े लोगों की भारी भीड़ में उसे वे कहीं दिखाई नहीं दिए।

भीड़ के पीछे चार और पाँच मंज़िल वाली ऊँची-ऊँची इमारतें खड़ी थीं। बटनहाइम के किसी भी घर से वे कहीं ज़्यादा ऊँची थीं। शहर से दूर खेतों में गायें आराम से चर रही थीं।

लोब को लगा जैसे जहाज़ को घाट तक पहुँचने में कई घंटे लग गए हों। आखिरकार जहाज़ से उतरने के लिए लकड़ी का पुल लगा दिया गया और सभी यात्री एक-एक करके नीचे उतरने लगे।

जहाज़ से उतरते समय कप्तान हर यात्री का नाम जाँच रहा था। उसका काम था कि सभी यात्रियों की अंतिम सूची अमेरिका की सरकार को भेजे।

लोब भी अपने परिवार और दूसरे यात्रियों के साथ कतार में खड़ा था। जब उसकी बारी आई, तो वह आगे बढ़ा और कप्तान को अपना नाम बताया।

कप्तान ने अपनी सूची देखी और ज़ोर से एक नाम पुकारा। वह नाम "लेवी" जैसा सुनाई दिया।

लोब हैरान रह गया। क्या अब से लोग उसे लेवी कहकर बुलाएँगे?

उसे याद आया कि उसने कई लोगों की कहानियाँ सुनी थीं, जो अमेरिका पहुँचने के बाद नए नामों से जाने जाने लगे थे। कप्तान ने उसकी बहनों, मायला और वोगेला, को भी नए नाम दिए थे—मैरी और फैनी।

लोब ने मन ही मन अपने नए नाम के बारे में सोचा—लेवी। उसे यह नाम अच्छा लगा। वह अमेरिका को अपना नया घर बनाना चाहता था। उसने तय कर लिया कि अगर यहाँ लोग उसे लेवी कहकर बुलाना चाहते हैं, तो अब से वह भी अपने आपको लेवी ही कहेगा।

लेवी अपने परिवार के साथ जहाज़ से उतरकर किनारे आ गया। वे भीड़-भाड़ वाले बंदरगाह से निकलकर एक ऐसी सड़क पर पहुँचे, जहाँ चारों ओर लोगों की चहल-पहल थी। हाथगाड़ियों पर सामान बेचने वाले दुकानदार हर तरह की चीज़ें बेच रहे थे। हर कोई दूसरे से भी ज़्यादा ज़ोर से आवाज़ लगा रहा था।

"सेब ले लो!"
"फूल ले लो!"
"जूते ले लो!"

लेवी उन अंग्रेज़ी शब्दों का अर्थ नहीं समझ पा रहा था। उसे ऐसा लग रहा था, मानो वह शब्दों के किसी विशाल समुद्र में डूबता जा रहा हो।

तभी दूर से किसी ने उसके पुराने बवेरियाई नाम से पुकारा, "लोब!"

वह चौंककर इधर-उधर देखने लगा। तभी उसने अपने दोनों सौतेले भाइयों, लुई और जोनास, को अपनी ओर दौड़ते हुए देखा।

दोनों उत्साह से जर्मन और हिब्रू भाषा में उससे बातें करने लगे। ये दोनों भाषाएँ लेवी अच्छी तरह समझता था। भाइयों ने खुशी-खुशी पूरे परिवार को गले लगा लिया।

उन्होंने बताया कि उन्होंने महिलाओं के रहने का इंतज़ाम कर दिया है। न्यूयॉर्क के लोअर ईस्ट साइड में रहने वाले कुछ रिश्तेदार उन्हें कुछ समय के लिए अपने घर में रखने को तैयार थे। लेवी अपने भाइयों के साथ फेरीवालों के एक किराए के मकान में रहेगा।

लुई और जोनास परिवार को शहर घुमाने ले गए। घूमते हुए लेवी ने देखा कि कुछ सड़कों पर सोने की नहीं, बल्कि पत्थरों की मज़बूत पट्टियाँ बिछी हुई थीं।

वह मुस्कराया और मन ही मन बोला, "चलो, कम-से-कम ये सड़कें कीचड़ से तो नहीं भरी हैं।"

2
फेरीवाला

फेरीवालों के रहने वाले मकान में लेवी और उसके भाइयों को रोज़ एक अच्छा भोजन मिलता था, सोने के लिए एक बिस्तर मिलता था और नहाने-धोने की भी सुविधा थी। हर व्यक्ति को इसके लिए महीने के तीन डॉलर किराया देना पड़ता था।

लेवी के पास बहुत कम पैसे थे। यह कोई हैरानी की बात नहीं थी। उस समय ज़्यादातर प्रवासी अमेरिका केवल लगभग बीस डॉलर लेकर ही पहुँचते थे।


सौभाग्य से लेवी के दोनों भाई, लुई और जोनास, फेरी लगाकर कुछ पैसे कमा चुके थे। वे चाहते थे कि लेवी भी अपना काम शुरू करे, इसलिए उन्होंने उसकी मदद की। उन्होंने उसे बेचने के लिए पहला सामान खरीदकर दिया।

हर सुबह लेवी लगभग पचास पाउंड (करीब तेईस किलोग्राम) वज़न वाला अपना भारी थैला कंधे पर लादकर न्यूयॉर्क की सड़कों पर निकल पड़ता। वह घर-घर और गली-गली घूमकर सुइयाँ, पिन, रिबन और कपड़ा बेचने की कोशिश करता।

शुरुआत में तो उसे अपने सामान के अंग्रेज़ी नाम भी नहीं आते थे। इसलिए वह बस अपना थैला खोलकर कह देता,

"सामान खरीद लीजिए!"

रास्ते से गुज़रने वाले लोग रुक जाते, उसका सामान देखते और अपनी ज़रूरत की कोई चीज़ चुन लेते। फिर वे उसकी हथेली पर कभी एक पेनी, कभी एक निकेल (पाँच सेंट का सिक्का) और कभी एक डाइम (दस सेंट का सिक्का) रख देते।



"धन्यवाद," लेवी इतना अंग्रेज़ी में कहना सीख चुका था।

लेकिन जर्मन और हिब्रू मिली-जुली भाषा से अंग्रेज़ी बोलना सीखने में उसे ज़्यादा समय नहीं लगा। धीरे-धीरे उसने पैसे गिनना, बाकी रकम लौटाना और फेरीवालों के नक्शे पढ़ना सीख लिया। अब वह अपने नए नाम—लेवी स्ट्रॉस—को सुनने का भी आदी हो गया था।

हर दिन काम खत्म होने तक उसकी पीठ दर्द करने लगती और पैरों में छाले पड़ जाते। लेकिन कुछ ही समय में उसने अपने भाइयों का सारा पैसा लौटा दिया और अपनी कमाई भी शुरू कर दी।

न्यूयॉर्क शहर में व्यापारी और फेरीवाले बहुत ज़्यादा थे। लेवी समझ गया कि जहाँ बेचने वाले कम होंगे, वहाँ सामान ज़्यादा बिकेगा। इसलिए एक साल के भीतर ही वह न्यूयॉर्क शहर से बाहर भी जाने लगा। वह दूर-दूर के कस्बों, यहाँ तक कि पेलहैम नामक नगर तक पहुँचकर सामान बेचने लगा।

देहात में फेरी लगाना शहर की तुलना में कहीं ज़्यादा कठिन था। वहाँ उसे लंबी-लंबी दूरियाँ पैदल तय करनी पड़ती थीं और पहले से भी अधिक भारी सामान ढोना पड़ता था।

ग्रामीण इलाकों में घूमने वाले फेरीवाले अपने साथ दो बड़े थैले रखते थे। एक लगभग सौ पाउंड (करीब 45 किलोग्राम) का थैला उनकी पीठ पर होता था और दूसरा लगभग अस्सी पाउंड (करीब 36 किलोग्राम) का थैला उनके सीने से बँधा रहता था।

उन्हें तरह-तरह का सामान साथ रखना पड़ता था, क्योंकि पहले से यह पता नहीं होता था कि किसानों को किस चीज़ की ज़रूरत पड़ जाए। और चूँकि वे हर शाम शहर वापस नहीं लौटते थे, इसलिए उन्हें पूरे एक सप्ताह तक बेचने लायक सामान अपने साथ लेकर चलना पड़ता था।

चलते-चलते लेवी अपने साथ वही कई चीज़ें बेचता था, जो वह पहले न्यूयॉर्क शहर में बेचा करता था—पिन, रिबन और धागा। लेकिन इसके साथ-साथ वह बर्तन, तवे, फावड़े और कुदाल भी लेकर चलता था, ठीक वैसे ही जैसे कभी बुटेनहाइम में बेचा करता था।

एक मज़ेदार बात यह थी कि जितना ज़्यादा सामान वह बेचता, उसका बोझ उतना ही बढ़ जाता। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार लोग उसे पैसे देने के बजाय अनाज की बोरियाँ, शहद के डिब्बे या शीरे (गुड़ का गाढ़ा रस) के डिब्बे दे देते थे।

देहात में फेरी लगाना बिल्कुल आसान नहीं था। सर्दियों में लेवी इतनी घनी बर्फ़बारी के बीच चलता था कि उसे सड़क का रास्ता तक दिखाई नहीं देता था। वसंत ऋतु में उसे टखनों तक कीचड़ से भरे रास्तों पर चलना पड़ता था। कई बार उसे डर लगता था कि कहीं उसके जूतों का बचा-खुचा हिस्सा भी कीचड़ में न फँस जाए।

अधिकतर दिनों में उसे यह भी नहीं पता होता था कि रात को वह कहाँ सोएगा। कभी कोई दयालु किसान उसे अपने खलिहान या अस्तबल में रात बिताने की जगह दे देता था। लेकिन अगर ऐसा न होता, तो उसे जंगल में किसी पेड़ के नीचे या सड़क के किनारे ही रात गुज़ारनी पड़ती थी।

फिर भी देहात में फेरी लगाने के कुछ फायदे भी थे। शहर की तरह वहाँ शरारती लड़के उस पर पत्थर नहीं फेंकते थे और न ही कोयले के टुकड़े भरकर बर्फ़ के गोले मारते थे। उसे यह डर भी नहीं रहता था कि किसी अँधेरी गली में कोई उस पर हमला करके उसका सामान और पैसे लूट लेगा।

इसके बजाय गाँव के लोग उसका स्वागत करते थे, क्योंकि वह आसपास के दूसरे गाँवों की नई-नई खबरें भी अपने साथ लेकर आता था।

न्यूयॉर्क राज्य की धूल भरी पगडंडियों और दलदली रास्तों पर चलते-चलते लेवी अक्सर सोचता था कि अमेरिका का बाकी हिस्सा कैसा होगा। जल्द ही उसे यह जानने का अवसर मिल गया।

सन् 1848 में लेवी को पता चला कि उसका एक रिश्तेदार लुईविल, केंटकी में आकर बस गया है। यह खबर मिलते ही उसने अपने परिवार से विदा ली और पैदल ही अपने उस नए रिश्तेदार से मिलने निकल पड़ा।

यात्रा लंबी थी, लेकिन आखिरकार वह केंटकी पहुँच गया। उस समय केंटकी अमेरिका का एक नया और कम बसा हुआ सीमांत प्रदेश माना जाता था। अगले पाँच वर्षों तक लेवी वहीं रहा। वह एपलाचियन पर्वतमाला की तलहटी के गाँवों और कस्बों में घूम-घूमकर अपना सामान बेचता रहा।

केंटकी के लोग मिलनसार थे और लेवी के साथ सम्मान का व्यवहार करते थे। उनके स्नेह के बदले लेवी भी अक्सर घर की महिलाओं और उनकी बेटियों को एक पैसे में दो रील धागा या पिन का एक छोटा पैकेट उपहार में दे देता था।

कभी-कभी कोई परिवार उसे अपने साथ भोजन करने के लिए भी बुला लेता था। लेवी खुशी-खुशी उनका निमंत्रण स्वीकार कर लेता, चाहे भोजन हमेशा यहूदी धार्मिक नियमों के अनुसार बना हुआ न भी हो।

हर रात, चाहे उसे किसी पेड़ के नीचे सोना हो या किसी किसान के खलिहान में, वह सबसे पहले अपने इकलौते मोज़ों की जोड़ी धोता था। यह पुराने समय के फेरीवालों की एक परंपरा थी, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही थी।

मोज़े धोकर वह उन्हें सूखने के लिए टाँग देता और मन ही मन उम्मीद करता कि सुबह तक वे अच्छी तरह सूख जाएँ। अगर वे गीले रह जाते, तो उसे वही भीगे हुए मोज़े पहनकर पूरे दिन अपने जूतों में चलना पड़ता।



लेकिन अमेरिका आने के बाद यह पहली बार नहीं था कि लेवी को भीगे पैरों के साथ चलना पड़ रहा हो।

सन् 1848 से 1852 तक, जब लेवी केंटकी में फेरी लगाकर सामान बेच रहा था, उसी समय उसके भाई न्यूयॉर्क शहर में घरेलू सामान की दुकान चला रहे थे। सन् 1848 की न्यूयॉर्क शहर की व्यापार निर्देशिका में जोनास स्ट्रॉस का नाम 203½ डिवीज़न स्ट्रीट पर स्थित एक दुकान के मालिक के रूप में दर्ज था। सन् 1851 तक दोनों भाई एक बड़ी दुकान में, 165 ह्यूस्टन स्ट्रीट, पर अपना कारोबार ले गए थे।

उन्होंने लेवी को कई पत्र लिखे और उसे वापस न्यूयॉर्क आकर उनके साथ काम करने के लिए बुलाया।

हालाँकि फेरी लगाना कठिन काम था, फिर भी लेवी न्यूयॉर्क लौटना नहीं चाहता था। उसकी नज़र अब एक दूसरे शहर पर थी—सैन फ़्रांसिस्को।

उसी समय कैलिफ़ोर्निया में सोना मिलने की खबर पूरे अमेरिका में फैल चुकी थी। लोग इसे स्वर्ण-उन्माद (गोल्ड रश) कहने लगे थे। लेवी ऐसे बहुत-से लोगों के बारे में जानता था जो सोना खोजने कैलिफ़ोर्निया गए थे। उनमें से कई लोग निराश होकर लौट आए थे। कुछ का तो फिर कभी कोई पता ही नहीं चला। लेकिन कुछ लोग सचमुच बहुत अमीर बन गए थे।

लेवी की बहन फैनी ने भी उसे सैन फ़्रांसिस्को से पत्र लिखा। वह और उसके पति डेविड स्टर्न अभी कुछ ही समय पहले वहाँ पहुँचे थे। इस नए विवाहित दंपती ने सोने की खोज के कारण तेजी से बढ़ते उस शहर में अपना व्यापार शुरू करने का फैसला किया था। वे चाहते थे कि लेवी भी उनके साथ आ जाए।

लेवी जानता था कि कैलिफ़ोर्निया जाना एक बड़ा जोखिम भरा काम था। लेकिन वह यह भी जानता था कि कभी अमेरिका आना भी एक जोखिम ही था।

लेवी ने मन ही मन सोचा, "जोखिम उठाओ। अगर कोशिश ही नहीं करोगे, तो कभी यह नहीं जान पाओगे कि तुमने क्या खो दिया।"

शायद सैन फ़्रांसिस्को में जाकर उसे सचमुच वे प्रसिद्ध "सोने की सड़कें" देखने को मिल जाएँ, जिनकी कहानियाँ वह बचपन से सुनता आया था।

3
केप हॉर्न का लंबा समुद्री सफ़र

सन् 1852 के अंत या 1853 की शुरुआत में लेवी अपने परिवार से विदा लेने के लिए फिर से न्यूयॉर्क शहर लौटा।

कुछ दिन परिवार के साथ बिताने के बाद वह अपना फेरीवाले वाला थैला लेकर न्यूयॉर्क बंदरगाह की ओर चल पड़ा। इस बार उसके थैले में खनिकों के तंबू बनाने के लिए मोटे कैनवास के कपड़े के बड़े-बड़े थान थे। इसके अलावा उसने ऐसी कई दूसरी चीज़ें भी रखी थीं, जिनकी ज़रूरत उसे लगा कि सैन फ्रांसिस्को के लोगों को पड़ सकती है।

इस बार की समुद्री यात्रा में लेवी बिल्कुल अकेला था। लेकिन उसे लगा कि अब ऐसा होना ही चाहिए। आखिर वह चौबीस साल का हो चुका था। अब वह अमेरिका में नया-नया आया अनुभवहीन युवक नहीं रहा था।

लेवी के दोनों भाई उसे विदा करने बंदरगाह तक आए। उन्होंने उसे फेरीवाले की कठिन ज़िंदगी याद दिलाई और समझाया कि वह न्यूयॉर्क में ही रुक जाए और उनके साथ दुकान में काम करे। लेकिन लेवी अपना फैसला कर चुका था। वह अमेरिका के पश्चिमी तट पर जाना चाहता था, जहाँ कैलिफ़ोर्निया में सोना खोजने आए लोगों को अपना सामान बेच सके।


गाना गाते लोगों और हाथ हिलाकर विदा देने वालों के बीच लेवी तेज़ रफ़्तार वाले क्लिपर जहाज़ पर सवार हो गया। कड़ाके की सर्दी की हवा उसके चेहरे और हाथों पर चुभ रही थी, फिर भी वह किनारे पर खड़े अपने परिवार की ओर हाथ हिलाता रहा।

उसके मन में एक सवाल बार-बार उठ रहा था—क्या वह अपने परिवार से फिर कभी मिल पाएगा?

हो सकता है कि दक्षिण अमेरिका के केप हॉर्न के चारों ओर होने वाली यह लंबी समुद्री यात्रा वह पूरी ही न कर सके। शायद यह मज़बूत दिखने वाला जहाज़ भी रास्ते में किसी तूफ़ान का सामना न कर पाए। उसने ऐसे बहुत-से लोगों की कहानियाँ सुन रखी थीं, जो कैलिफ़ोर्निया के सोने के क्षेत्रों की ओर निकले थे, लेकिन कभी वहाँ पहुँच ही नहीं सके। कई लोग हैज़ा, मलेरिया या दूसरी बीमारियों से रास्ते में ही मर गए थे।

फिर भी उस समय अमेरिका के पूर्वी तट से पश्चिमी तट तक पहुँचने का सबसे भरोसेमंद रास्ता समुद्री यात्रा ही माना जाता था। उस समय ऐसी कोई रेल लाइन नहीं थी जो मिसिसिपी नदी और रॉकी पर्वतमाला को पार करके दोनों तटों को जोड़ती हो।

दूसरा रास्ता ओरेगन–कैलिफ़ोर्निया ट्रेल से होकर जाता था। लेकिन उस मार्ग पर यात्रियों को पहले लगभग एक हज़ार मील तक विशाल मैदानों में पैदल चलना पड़ता था और फिर लगभग एक हज़ार मील तक और भी कठिन पहाड़ी और ऊबड़-खाबड़ इलाकों से होकर गुजरना पड़ता था।



फिर भी समुद्र का रास्ता न तो छोटा था और न ही आसान।

उस समय मध्य अमेरिका में कोई नहर नहीं थी। इसलिए जहाज़ों को दक्षिण अमेरिका के सबसे दक्षिणी सिरे, यानी केप हॉर्न, का चक्कर लगाकर फिर उत्तर की ओर पूरे पश्चिमी तट के साथ-साथ चलना पड़ता था। तभी वे कैलिफ़ोर्निया पहुँच पाते थे।

एक दूसरा रास्ता भी था। यात्री पहले जहाज़ से पनामा तक जाते, फिर पैदल पूरे स्थल-भाग को पार करके दूसरी तरफ पहुँचते और वहाँ से दूसरा जहाज़ पकड़ते। लेकिन लेवी को यह रास्ता बिल्कुल पसंद नहीं आया।

लेवी जहाज़ के निचले हिस्से में गया, जहाँ उसे अगले चार महीनों तक रहना था। उसने वहाँ एक बड़े कमरे में अपने सोने की जगह के लिए 250 डॉलर दिए थे। उस कमरे में पचास एक जैसे बिस्तर लगे हुए थे।

वे बिस्तर उसे बवेरिया से अमेरिका की पहली समुद्री यात्रा की याद दिला रहे थे। वे पहले वाले लकड़ी के तख्तों से बस थोड़े ही चौड़े थे। लेवी मन ही मन यही प्रार्थना कर रहा था कि इस बार उसे समुद्री बीमारी न हो। लेकिन वह जानता था कि यह फैसला उसकी इच्छा नहीं, बल्कि उसका पेट करेगा।

लेवी अकेला नहीं था, जो सोने की चमक से भरे पहाड़ी झरनों का सपना लेकर यात्रा कर रहा था। उसके साथ जहाज़ में लगभग डेढ़ सौ और यात्री भी थे। उनमें ज़्यादातर पुरुष थे।

उन यात्रियों में डॉक्टर, व्यापारी, किसान, जहाज़ों के कप्तान, एक पादरी, एक भूवैज्ञानिक और लेवी जैसे कई फेरीवाले भी शामिल थे।

चार साल पहले जब लोगों ने कैलिफ़ोर्निया में सोने की खोज शुरू की थी, तब से यह खबर न्यूयॉर्क तक पहुँच चुकी थी कि सोना पाने वाले लोगों को अपना पैसा खर्च करने के लिए तरह-तरह का सामान भी चाहिए। इसलिए लेवी अकेला नहीं था, जो इस नए व्यापारिक अवसर का लाभ उठाना चाहता था।

जहाज़ पर दिन तेज़ी से बीतने लगे।

शुरुआत में लेवी को अपने कुछ साथी यात्री बहुत रूखे और डरावने लगे थे। लेकिन धीरे-धीरे उसे महसूस हुआ कि वे इतने बुरे भी नहीं थे। कुछ लोगों को देखकर—और उनकी गंध से—ऐसा लगता था, मानो उन्होंने कभी ठीक से नहाया ही न हो। कुछ इतने ज़ोर-ज़ोर से बोलते थे कि उनकी आवाज़ जहाज़ के एक सिरे से दूसरे सिरे तक सुनाई देती थी। कुछ लोग बातों से ज़्यादा अपने मुक्कों का इस्तेमाल करना जानते थे।

लेकिन ज़्यादातर यात्री शांत स्वभाव के थे। वे बैठकर बातें करते, किताबें पढ़ते या समय बिताने के लिए खेल खेलते थे। एक-दो लोग अपने साथ बैकगैमॉन, शतरंज और चेकर्स जैसे खेल भी लाए थे। वे अक्सर लेवी को भी अपने साथ खेलने के लिए बुलाते थे।

कुछ ही दिनों में लेवी अपनी माँ के दिए हुए खाने का सारा सामान खा चुका था। अब उसके पास जहाज़ का खाना खाने के अलावा कोई दूसरा उपाय नहीं था।

जहाज़ पर सबसे आम भोजन लॉबस्काउस नाम का एक व्यंजन था। यह आलू, नमक में सुरक्षित रखा गया गोमांस या सूअर का मांस और बहुत सख्त रोटी मिलाकर बनाया जाता था। यह ऊपर से चर्बी से भरा हुआ दिखाई देता था, फिर भी लेवी उसे खा लेता था।

वह सोचता, "इससे भी बुरा हो सकता है।"

यात्रियों के बीच ऐसी कहानियाँ भी सुनने को मिलती थीं कि किसी दूसरे जहाज़ पर लोगों को कीड़ों वाला दलिया, घुन लगा आटा और ऐसी फलियाँ खाने को मिली थीं जिनमें हर दाने के साथ दो-दो कीड़े निकले थे।

इसलिए लेवी ने तय कर लिया कि जब तक उसका पेट विरोध नहीं करता, वह चुपचाप लॉबस्काउस ही खाता रहेगा।

कभी-कभी समुद्र भी खाने में थोड़ा बदलाव ले आता था।

एक बार की बात है। जहाज़ के कप्तान ने एक छोटी-सी शार्क मछली पकड़ ली और उसे रात के खाने के लिए पकाने का आदेश दिया। जब एक यात्री ने इसका विरोध किया, तो कप्तान हँसकर बोला, "इसे खा लो। अगर तुम कभी समुद्र में गिर गए, तो यह तुम्हें खाने में ज़रा भी देर नहीं करेगी।"

कभी-कभी जहाज़ रास्ते में रुकता भी था, ताकि पानी के खाली पीपों को फिर से भर लिया जाए। ऐसे मौकों पर यात्रियों को दक्षिण अमेरिका के अनोखे फलों का स्वाद चखने का अवसर मिलता था। वहाँ उन्हें अनानास, आम और पपीता जैसे फल मिलते थे।


लेवी ने पहले कभी ऐसे स्वादिष्ट और अनोखे फल नहीं खाए थे। उसने जितने आम और पपीते उठा सकता था, उतने खरीद लिए। वह सोच रहा था कि सैन फ्रांसिस्को पहुँचकर अपनी बहन फैनी और उसके पति को ये फल देकर चौंका देगा। लेकिन गर्मी के कारण वे फल रास्ते में ही भूरे पड़ गए और सड़ गए। इससे लेवी को बहुत निराशा हुई।

पूरी यात्रा का सबसे कठिन हिस्सा केप हॉर्न का चक्कर लगाना था।

वहाँ समुद्र की ऊँची-ऊँची लहरें जहाज़ को ज़ोर-ज़ोर से इधर-उधर झुला रही थीं। पानी की बड़ी-बड़ी लहरें जहाज़ के दोनों किनारों से टकराकर ऊपर तक आ जातीं और डेक पर खड़े लोगों को पूरी तरह भिगो देतीं।

यात्रियों और नाविकों—दोनों को—जहाज़ की रस्सियों को मज़बूती से पकड़कर खड़ा रहना पड़ता था। ज़रा-सी लापरवाही उन्हें समुद्र में बहा सकती थी।

उधर नाविक मूसलाधार बारिश, तेज़ हवाओं और उफनती लहरों से जूझते हुए जहाज़ को केप हॉर्न की नुकीली और खतरनाक चट्टानों के बीच से सुरक्षित निकालने की पूरी कोशिश कर रहे थे।



सौभाग्य से उस समय दक्षिणी गोलार्ध में गर्मी का मौसम था। इसलिए जहाज़ को बर्फ़ या ओलों के तूफ़ान का सामना नहीं करना पड़ा। लेवी खुश था कि उसने जुलाई की बजाय जनवरी में यह यात्रा करने का फैसला किया था।

लेकिन जैसे केप हॉर्न की ओर जाते समय हुआ था, वैसे ही भूमध्य रेखा के पास पहुँचते ही भीषण गर्मी पड़ने लगी। फेरीवाले के रूप में उसने कभी इतनी तेज़ गर्मी नहीं झेली थी।

जहाज़ के निचले हिस्से में तो हवा बिल्कुल नहीं चलती थी, इसलिए वहाँ रहना मुश्किल हो जाता था। ऊपर डेक पर थोड़ी-बहुत हवा ज़रूर मिल जाती थी, लेकिन तेज़ धूप लगातार सिर पर बरसती रहती थी। उससे बचने के लिए कहीं कोई छाया नहीं थी।

लेवी नीचे ठंडे समुद्र के पानी की ओर देखता और मन ही मन सोचता, "काश! मैं इसमें कूदकर मछलियों के साथ तैर पाता।"

एक सुबह उसकी नींद ठंडी हवा के झोंके से खुली। रात को वह केवल अपने अंतःवस्त्र पहनकर सोया था। अब उसने जल्दी से पतला कंबल अपने गले तक खींच लिया। धूप से झुलसा उसका शरीर ठंड से काँप रहा था।

तभी उसके कानों में वे शब्द पड़े, जिनका वह कई दिनों से इंतज़ार कर रहा था—

"ज़मीन दिखाई दे रही है!"

लेवी तुरंत बिस्तर से उठ खड़ा हुआ। उसने अपनी ऊनी पतलून पहनी और अपनी अच्छी कमीज़ों में से एक निकालकर पहन ली। वह अपनी बहन फैनी के नए पति, व्यापारी डेविड स्टर्न, पर अच्छा प्रभाव डालना चाहता था।

4
मज़बूत पतलूनें

लेवी जहाज़ की रेलिंग के पास लोगों के बीच जगह बनाकर खड़ा हो गया। वह उस शहर को ध्यान से देख रहा था, जिसे अब वह अपना नया घर बनाने वाला था।

सुबह की सुनहरी रोशनी में ऊबड़-खाबड़ चट्टानें और हरी-भरी पहाड़ियाँ सुनहरे रंग में चमक रही थीं। इधर-उधर ऊँचे देवदार के पेड़ खड़े थे और खाड़ी में कई पुराने, छोड़ दिए गए जहाज़ों के मस्तूल दिखाई दे रहे थे।

आखिर जहाज़ बंदरगाह के लंबे लकड़ी के घाट, लॉन्ग व्हार्फ, के पास आकर रुक गया। यह घाट समुद्र के भीतर तक बना हुआ था।

थोड़ी ही देर में छोटी-छोटी नावों में कई लोग जहाज़ तक आ पहुँचे और फुर्ती से उस पर चढ़ गए। वे यह देखने आए थे कि यात्रियों के पास बेचने के लिए क्या-क्या सामान है।

लेवी ने तुरंत अपने थैले से कैनवास के कपड़े का एक बड़ा थान निकाला और उसमें से लंबे-लंबे टुकड़े काटकर बेचने लगा। बदले में लोगों ने उसकी हथेली पर सोने के छोटे-छोटे टुकड़े रख दिए।

फिर उसने अपने थैले से दूसरा सामान भी निकालना शुरू किया। सोना खोजने आए खनिक उसकी हर चीज़ खरीदने के लिए उतावले थे। केंटकी में जिन सुइयों के लिए उसे केवल पच्चीस सेंट मिलते थे, उन्हीं सुइयों के बदले यहाँ खनिक उसे दो डॉलर के बराबर सोना दे रहे थे।

लेवी ने कभी नहीं सोचा था कि सोना कमाना इतना आसान भी हो सकता है।

जब तक जहाज़ पूरी तरह घाट पर लगा, तब तक लेवी अपना ज़्यादातर सामान बेच चुका था।


वह जहाज़ से उतरकर फैनी और डेविड का इंतज़ार करने लगा। पूरे घाट पर सोना खोजने वाले लोग नए आए यात्रियों को रोक-रोककर पूछ रहे थे कि क्या उनके पास बेचने के लिए क्यूबा के सिगार, छोटे पैकेटों में तंबाकू या हवा-बंद डिब्बों में रखे बीज हैं।

एक नए यात्री ने तो अपने पैरों में पहने हुए जूते तक बेच दिए और उनसे अच्छी-खासी कमाई कर ली। अब वह केवल मोज़े पहनकर खड़ा था और लोगों को यह मज़ेदार घटना सुना रहा था।

यह सब देखकर लेवी मन ही मन सोचने लगा, "कैलिफ़ोर्निया के लोग तो हर चीज़ खरीदने को तैयार हैं। यहाँ सामान बेचना तो बिल्कुल भी मुश्किल नहीं होगा।"

थोड़ी ही देर बाद एक लंबा, काले बालों वाला व्यक्ति मुस्कराते हुए उसकी ओर आया और हाथ बढ़ाकर उसका स्वागत किया। लेवी समझ गया कि यही उसकी बहन फैनी के पति, डेविड स्टर्न, हैं।

डेविड ने बताया कि फैनी ने घर पर उसके लिए खाना तैयार कर रखा है। फिर दोनों पहाड़ी पर बने घर की ओर पैदल चल पड़े।



लेवी चारों ओर देखकर हैरान रह गया।

सुबह का समय था, लेकिन जुए के अड्डों से पियानो की धुनें और लोगों के ऊँचे-ऊँचे गीतों की आवाज़ें सुनाई दे रही थीं। कच्ची सड़कों पर गहरी खाइयाँ बनी हुई थीं और उन पर बैलगाड़ियाँ और घोड़ा-गाड़ियाँ उछलती-कूदती चल रही थीं। पैदल चलने वालों के लिए लकड़ी के तख्तों से बने रास्ते थे। बहुत कम चौराहों पर सड़क की बत्तियाँ लगी थीं।

लेवी ने यह भी देखा कि शहर में लकड़ी की झोंपड़ियों जितने ही तंबू भी लगे हुए थे। कई मकान तो उन पालों (कैनवास के कपड़ों) से बनाए गए थे, जिन्हें पुराने और छोड़ दिए गए जहाज़ों से उतार लिया गया था।

सैन फ्रांसिस्को एक नया, तेज़ी से बढ़ता हुआ और कुछ अव्यवस्थित-सा शहर लग रहा था। लेवी ने मन ही मन सोचा, "एक व्यापारी के लिए यह बहुत रोमांचक जगह है, खासकर उस व्यापारी के लिए जो कपड़ा बेचता हो!"

उस शाम भोजन के बाद लेवी ने अपनी बहन और बहनोई को समुद्री यात्रा के दौरान हुए अपने रोमांचक अनुभव सुनाए। फिर फैनी और डेविड ने बारी-बारी से उसे सैन फ्रांसिस्को और सोने की खानों के शिविरों की कहानियाँ सुनाईं।

उन्होंने अफसोस के साथ कहा, "यह शहर अभी काफ़ी उग्र और असुरक्षित है। यहाँ लगभग हर दिन हत्या और लूटपाट की घटनाएँ होती रहती हैं।"

अगली सुबह लेवी अपने बहनोई डेविड स्टर्न के साथ उनकी घरेलू सामान की दुकान पर गया। यह दुकान सैक्रामेंटो स्ट्रीट के नीचे वाले हिस्से में थी।

रास्ते में डेविड ने उसे शहर के बारे में और भी बातें बताईं। उन्होंने अपने अनुमान के अनुसार कहा, "इस शहर में लगभग 4 आरा मिलें, 5 थिएटर, 23 घाट, 28 शराब बनाने के कारखाने, 117 घरेलू सामान की दुकानें और 399 शराबखाने हैं।"

फिर मुस्कराकर उन्होंने कहा, "और यह सब केवल अठहत्तर हज़ार लोगों के शहर में!"

लेवी ने मन ही मन सोचा, "वाह! यहाँ तो घरेलू सामान की दुकानों से भी ज़्यादा शराबखाने हैं।"

डेविड स्टर्न, सैन फ्रांसिस्को आने से पहले, सेंट लुइस में फेरी लगाकर सामान बेचा करते थे। वे 1851 में सैन फ्रांसिस्को आए थे और उनकी घरेलू सामान की दुकान अभी नई-नई ही थी। ऐसे समय में लेवी का वहाँ पहुँच जाना उनके लिए बहुत बड़ी मदद साबित हुआ।

असल में डेविड को दुकान के लिए कर्मचारी ही नहीं मिल रहे थे। अधिकांश नौजवान—यहाँ तक कि कई उम्रदराज़ लोग भी—सोना खोजने की उम्मीद में खानों की ओर चले गए थे।

सैन फ्रांसिस्को आने के कुछ ही हफ्तों बाद लेवी न केवल दुकान का एक महत्वपूर्ण सदस्य बन गया, बल्कि स्टर्न परिवार का भी हिस्सा जैसा हो गया।

सैक्रामेंटो स्ट्रीट की उस दुकान में लेवी स्ट्रॉस और डेविड स्टर्न का कारोबार तेजी से बढ़ने लगा। वे पतलून, कमीज़ें, कंबल, टिन की प्लेटें, प्याले और घर में काम आने वाली कई दूसरी चीज़ें बेचते थे।

कुछ सामान नदी के स्टीमर जहाज़ों और घोड़ा-गाड़ियों (स्टेजकोच) से आता था। लेकिन ज़्यादातर माल न्यूयॉर्क से तेज़ रफ़्तार क्लिपर जहाज़ों द्वारा भेजा जाता था। इनमें विशेष रूप से वे भारी कपड़ों के थान भी होते थे, जो लेवी के भाई न्यूयॉर्क से भेजते थे।

जब किसी जहाज़ के आने की उम्मीद होती, तो लेवी और डेविड दुकान के अंदर ही अलमारियों से उतारे गए कंबलों पर सो जाते थे। वे चाहते थे कि जहाज़ पहुँचते ही सबसे पहले अपना माल ले सकें।

कई बार वे एक लड़के को शहर की सबसे ऊँची इमारत या किसी ऊँची पहाड़ी पर खड़ा कर देते थे, ताकि वह दूर समुद्र पर नज़र रखे और आते हुए जहाज़ को सबसे पहले देख सके।

जैसे ही दूर समुद्र में जहाज़ दिखाई देता, लेवी और डेविड तुरंत दुकान में बचे हुए सामान के दाम कम कर देते। वे चाहते थे कि पुराना माल जितनी जल्दी हो सके बिक जाए, ताकि नए माल के लिए अलमारियों में जगह बन सके।

उधर जहाज़ के घाट पर पूरी तरह लगने से पहले ही लेवी बंदरगाह पहुँच जाता। वहाँ नए आए माल की नीलामी शुरू होने वाली होती। लेवी उत्साह से अलग-अलग सामान पर बोली लगाता, जबकि डेविड दुकान में रहकर पुराने सामान की कीमतें कम करने का काम जारी रखते।

सन् 1856 तक उनका कारोबार इतना बढ़ गया कि सैक्रामेंटो स्ट्रीट वाली दुकान छोटी पड़ने लगी। अब लेवी केवल कर्मचारी नहीं था, बल्कि कारोबार में डेविड का साझेदार बन चुका था। दोनों ने अपनी दुकान कुछ ही मकान आगे, 117 सैक्रामेंटो स्ट्रीट, में एक बड़े भवन में स्थानांतरित कर दी।

नई दुकान के साथ उन्होंने अपना व्यापार करने का तरीका भी बदल दिया। अब वे केवल सीधे ग्राहकों को ही सामान नहीं बेचते थे, बल्कि दूसरी दुकानों को भी थोक में माल सप्लाई करने लगे। इस तरह वे खुदरा व्यापारी (रिटेलर) होने के साथ-साथ थोक व्यापारी (होलसेलर) भी बन गए।

सोने की खानों के आसपास बसे कस्बों की दुकानों से अधिक ग्राहक बनाने के लिए लेवी एक बार फिर फेरीवाले की तरह यात्रा पर निकल पड़ा।

इस बार उसने पचास डॉलर में एक गाड़ी और पच्चीस डॉलर में एक खच्चर खरीदा। उसने बड़े-बड़े बक्सों में टोपियाँ, कमीज़ें, कैनवास का कपड़ा और दूसरा सामान भरकर गाड़ी पर लाद दिया।

फिर वह अपनी गाड़ी सहित एक साइडव्हील स्टीमर (दोनों किनारों पर बड़े चप्पू वाले भाप के जहाज़) पर चढ़ा और सैक्रामेंटो नदी के रास्ते कैलिफ़ोर्निया की नई और तेजी से बढ़ती राजधानी सैक्रामेंटो पहुँचा।

वहाँ से वह गाड़ी के रास्तों पर चलता हुआ उन छोटे-छोटे कस्बों तक गया, जो सोने की खोज के कारण तेजी से बस गए थे। इनमें एल डोराडो और प्लेसरविल जैसे प्रसिद्ध स्वर्ण-नगर भी शामिल थे।

एक धूप भरे दिन लेवी सैक्रामेंटो नदी के किनारे बैठकर दोपहर का भोजन कर रहा था। तभी एक खनिक वहाँ आया और उसने पूछा, "क्या तुम्हारे पास बेचने के लिए कुछ है?"

लेवी ने अपनी गाड़ी से कैनवास के कपड़े का एक बड़ा थान निकाला और कहा, "अगर चाहो तो खदान में इस्तेमाल करने के लिए एक नया तंबू ले सकते हो।"

खनिक ने सिर हिलाते हुए कहा, "तंबू की मुझे ज़रूरत नहीं है। अगर तुम्हारे पास कोई मज़बूत और टिकाऊ पतलून हो, तो वह मेरे बहुत काम आएगी।"

लेवी कुछ देर सोचता रहा। फिर उसने अपनी जेब से एक डोरी निकाली। उसी डोरी से उसने खनिक की कमर और पैरों का नाप लिया। इसके बाद उसने मुस्कराकर कहा,

"आज शाम तक तुम्हारे लिए एक ऐसी पतलून तैयार हो जाएगी, जो बहुत दिनों तक चलेगी।"

अब मुश्किल यह थी कि पतलून सिलवाने के लिए कोई दर्जी कहाँ मिले।


